नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 23/08/2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 05	क्रम सं0(Serial No.) 3

एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ जवान ने सीपीआर देकर बचाई एक व्यक्ति की जान।

एयरपोर्ट पर यात्री को आया हार्ट अटैक, जवान ने बचाई जान

नई दिल्ली 22 अगस्त (नवोदय टाइम्स): इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक यात्री को हार्ट अटैक आने के बाद सीआईएसएफ के जवान ने सीपीआर देकर जान बचाई है। एक यात्री टर्मिनल 2 से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर श्रीनगर जाने के लिए आया था और अचानक कार्डियक अरेस्ट की वजह से गिर पड़ा।

दरअसल, टर्मिनल 2 पर अरशद अयूब नाम का यात्री श्रीनगर के लिए फ्लाइट लेने आया था, इसी दौरान यह घटना घटी और वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। इस बीच एयरपोर्ट पर मौजूद सीआईएसएफ के जवान ने यात्री को सीपीआर दिया जिसके बाद उसकी हालत कुछ स्थिर हुई। बाद में उस यात्री को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालात पहले से बेहतर बताई जा रही है।

इसी तरह की घटना टर्मिनल 3 पर हुई थी जब एक सीनियर सिटीजन अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे, तब मौके पर मौजूद एक महिला डॉक्टर ने उन्हें सीपीआर देकर जान बचाई थी। पिछले कुछ समय में हार्ट अटैक की बढ़ती घटनाओं के बाद आम लोगों को भी सीपीआर देने की तकनीक के बारे में अस्पताल और अन्य जगहों पर जागरूक किया जा रहा है। उसका यही मकसद है कि कहीं भी किसी भी जगह पर किसी भी स्थिति में किसी को अगर हार्ट अटैक होता है तो एक आम लोग भी सीपीआर तकनीक से लोगों की जान बचा सकें।